प्रेस नोट

जनपद संत रविदासनगर (भदोही)

दिनांक: 12.11.2026

"ऑपरेशन साइ-वज्र" (Operation Cy-Vajra) के तहत भदोही पुलिस की इस वर्ष साइबर ठगों पर बड़ी कार्यवाही: 3,329 शिकायतों में ₹1.94 करोड़ होल्ड व ₹71.5 लाख रू0 रिफंड कराए, 04 साइबर गैंग का खुलासा कर 14 मुकदमों में 25 अपराधी भेजे जेल।

उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों की कमर तोड़ने हेतु चलाए जा रहे राज्यव्यापी विशेष अभियान "ऑपरेशन साइ-वज्र" (Operation Cy-Vajra) के क्रम में पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिनव त्यागी के निर्देशन व श्री शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में भदोही पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

"ऑपरेशन साइ-वज्र" (Operation Cy-Vajra)

पुलिस महानिदेशक (DGP) उत्तर प्रदेश के निर्देशन में संगठित साइबर अपराध नेटवर्क पर प्रहार करने हेतु "ऑपरेशन साइ-वज्र" की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ करना, ठगी की रकम को खपाने के लिए इस्तेमाल होने वाले म्यूल बैंक खातों (Mule Bank Accounts) को ट्रैक कर बंद कराना, धोखाधड़ी की धनराशि को तत्काल होल्ड (फ्रीज) कराना तथा पीड़ितों को उनकी रकम तेजी से रिफंड (वापस) दिलाना है।

इसी अभियान के तहत वर्ष 2026 (दिनांक 01.01.2026 से 12.11.2026 तक) में जनपद भदोही की साइबर टीम द्वारा की गई कार्यवाही का प्रमुख विवरण निम्नवत है:

1.एनसीआरपी (NCRP) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें एवं धनराशि रिकवरी:

- कुल प्राप्त शिकायतें: 3,329
- कुल फ्रॉड की गई धनराशि: ₹6,18,42,986/- (लगभग 6.18 करोड़ रुपये)
- होल्ड कराई गई धनराशि: ₹1,94,65,407/- (लगभग 1.94 करोड़ रुपये), जो कुल फ्रॉड धनराशि का 31.48% है।
- आवेदकों को वापस (रिफंड) कराई गई धनराशि: ₹71,46,854/- (लगभग 71.5 लाख रुपये)

2.साइबर गैंग का खुलासा, अभियोग पंजीकरण एवं गिरफ्तारी:

• खोले गए साइबर गैंग: साइबर अपराध में संलिप्त कुल 04 गैंग का खुलासा किया गया है (जिसमें म्यूल खातों के मामले में 13 व्यक्ति तथा पीओएस (POS) के मामले में 02 व्यक्ति पकड़े गए हैं)।

• म्यूल खाता गैंग पर कार्यवाही: म्यूल खाता खोलने वाले गैंग पर कुल 03 अभियोग पंजीकृत कर 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

• पीओएस (POS) पर कार्यवाही: POS के संबंध में कुल 01 अभियोग पंजीकृत करते हुए 02 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है।

• NCMEC/OCWC पोर्टल पर कार्यवाही: इस श्रेणी में कुल 07 अभियोग पंजीकृत करते हुए 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

• कुल जेल भेजे गए अभियुक्त: दिनांक 01.01.2026 से अब तक साइबर अपराध से संबंधित कुल 14 अभियोगों में 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

भदोही पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आपकी धनराशि को होल्ड कराया जा सके। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी (OTP), बैंक विवरण या पासवर्ड साझा न करें।

साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल/साइबर हेल्पडेस्क

जनपद भदोही